भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1395
09.02.2026 को उत्तर के लिए

अंतर्राष्ट्रीय पक्षी केंद्र

1395. श्री सुरेश कुमार शेटकरः
श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंतः

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अंतर्राष्ट्रीय पक्षी केंद्रों (आईबीसी) की योजना बनाने हेतु सभी राज्यों में स्थानीय समुदायों से परामर्श किया गया है और उन्हें इसमें शामिल किया गया है, यदि हॉ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सतत संरक्षण और जिम्मेदार ईको-टूरिज्म सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी केंद्रों पर शिकारी गतिविधियों, आवास विनाश, प्रदूषण, पर्यटकों, शोधकर्ताओं और आस-पास के शहरी विकास से होने वाले व्यवधान को रोकने हेतु क्या उपाय किए गए है;

(ख) इन केंद्रों के प्रवासी पक्षी आबादी और उनके प्राकृतिक आवास पर पड़ने वाले स्थायी प्रभाव की जांच करने और नए पक्षी केंद्रों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संरक्षण ढांचे में एकीकृत करने के लिए अपनाए गए तंत्र का ब्यौरा क्या है;

(ग) पूरे देश में एकीकृत पारिस्थितिक प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु सभी आईबीसी की बर्तमान रामसर स्थल और पक्षी अभयारण्यों के साथ समन्वय करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार देशभर में सभी आईबीसी और प्रवासी पक्षी आवासों की प्रगति, वित्तपोषण, उपयोग और पारिस्थितिक प्रभाव मूल्यांकन संबंधी जानकारी नियमित रूप से सार्वजनिक करने के लिए प्रतिबद्ध है और यदि हाँ, तो त्संबंधी ब्यौरा और इसके लागू होने की क्या समय-सीमा निर्धारित की गयी है;

(ङ) आईबीसी के लिए आवंटित निधियों का आवास संरक्षण, वैज्ञानिक अनुसंधान और आगंतुक सुविधाओं के लिए पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने और प्रशासनिक विलंब को रोकने हुत क्या तंत्र अपनाया गया है;

(च) पूरे देश में सभी आईबीसी में प्रभावी पक्षी संरक्षण के लिए उचित अनुसंधान सुविधाओं, निगरानी प्रणाली और प्रशिक्षितकर्मियों सहित पारिस्थितिकीविद्, पक्षीविज्ञानी और तकनीकी कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु क्या उपाय किए गए है; और

(छ) क्या सरकार ने पूरे देश में आईबीसी स्थापित करने के लिए व्यापक राष्ट्रीय योजना तैयार की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या और क्या सरकार ने देशभर में पक्षी केंद्रों में वैज्ञानिक अध्ययन और संरक्षण प्रवानी की सुबनाने के उद्देश्य में अंतर्राष्ट्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थानों के साथ औपचारिक साझेदारी की है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने अंतर्राष्ट्रीय पक्षी केंद्र की स्थापना नहीं करी है।

(ख) से (छ) उपर्युक्त के (क) के आलोक में प्रश्न नहीं उठता ।

*****